Run by: *New Akanksha Shiksha Samiti*

**Dr. RADHAKRISHNAN COLLEGE OF EDUCATION**

(Recognised by N.C.T.E., Sate Govt. & Affiliated to R.D.V.V. Jabalpur)

Patan Road Near NEW RTO Karmeta, Jabalpur (M.P.)-482002
Phone: 0761-2682004, Website: www.radhakrishnanedu.com
Email: rkce@yahoo.com / choube_abhi27@yahoo.in

# DVV 2.2.4

## Student-Mentor ratio for the last completed academic year

## DVV Query

- Relevant documents of mentor-mentee activities with seal and signature of the Principal

## Institution Response

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of
Education Karmeta, Jabalpur

**Dr. Radhakrishnan College of Education.**

**विषय** – महाविद्यालय स्तर पर पोस्टर प्रतियोगिता

**थीम** – हर घर तिरंगा अभियान

**दिनांक** – 04/08/2022

**समय** – 12:00 से 1:00

आजादी के 75 वे साल के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज दिनांक 04/8/22 को महाविद्यालय में 12:00 बजे से 1:00 बजे तक पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका थीम "हर घर तिरंगा" इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बी.एड./ एम.एड. के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। इस पोस्टर प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



**हर घर तिरंगा**

**75 आजादी का**

**अमृत महोत्सव**

आजादी के अमृत महोत्सव की तैयारियां महाविद्यालय स्तर पर जोर-शोर से चल रही है, स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बार 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान की अपील की है। पूरे भारत वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव काफी बड़े महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय स्तर पर हर घर तिरंगा अभियान पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन के पश्चात प्रारम्भ किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ भावना सोने जी ने हर घर तिरंगा अभियान के विषय में बताया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनायें दिया इसके पश्चात पोस्टर प्रतियोगिता के समय और नियम बताये गये और उसके पश्चात पोस्टर प्रतियोगिता का प्रारम्भ किया गया।

अंत में निर्णायक मण्डल के द्वारा प्रतिभागियों का चयन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान दिया गया।

प्रथम स्थान → छवि शर्मा
द्वितीय स्थान → शिवानी लोधी
तृतीय स्थान → दिव्या लोधी

Dr. Radhakrishnan College of Education




पोस्टर प्रतियोगिता - हर घर तिरंगा अभियान




Date : 04/08/2022




फोटो प्रतियोगिता


फोटो प्रतियोगिता "हर घर तिरंगा अभियान"


"हर घर तिरंगा अभियान"
फोटो प्रतियोगिता
PRINCIPAL

# डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन

## विषय : स्वच्छता जागरूकता अभियान

## "पेंटिंग"

**दिनांक: 26/2/2022**

डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन के तत्वाधान में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय की दीवारों व सार्वजनिक स्थानों पर पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने वाले चित्र बनाये गये।

जिसमें घरों के आसपास साफ-सफाई रखना, डस्टबिन में कचरा डालना, शौचालय का उपयोग करना, पौधारोपण करना, अन्य प्रकार की चित्रों की पेंटिंग बनवाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता का संदेश दीवारों पर लिखवाकर महाविद्यालय द्वारा आम नागरिकों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

SWACHH BHARAT

स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत अपने आप में एक अनूठी मुहिम थी। जिसमें सभी विद्यार्थियों की सहभागिता आवश्यक थी, जो कि परिलक्षित हो रही है,

PRINCIPAL

विद्यार्थियों द्वारा सभी को चित्रकला द्वारा स्लोगन द्वारा लोगों को गंदगी एवं कचरा सड़क एवं नदी में न फेंकने के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

स्वच्छता सप्ताह मनाने का मुख्य कारण आसपास साफ सफाई रखना, लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया है।

विद्यार्थियों द्वारा लिखे गये स्लोगन बहुत ही प्रेरणादायक हैं, जो कि निम्नलिखित हैं -

"युवा शक्ति है सब पर भारी
चलो करो स्वच्छ भारत की तैयारी"

चित्रकला एवं स्लोगन बनाने वाले विद्यार्थियों का नाम कु. अपर्णा नामदेव, मानसी राठौर, कृतिका जैन, पूजा श्रीवास्तव, आयुषी अग्रवाल, मनीषा, आंचल प्रसाद इत्यादि विद्यार्थियों की सहभागिता थी।




एक कदम स्वच्छता की ओर
DIVYA LODHI
स्वच्छता रंगोली प्रतियोगिता


PF
Dr. Radha



## न्यू आकांक्षा शिक्षा सिमिति द्वारा
## "अंध–मूक बधिर दिवस में शैक्षिक भ्रमण का आयोजन "

न्यू आकांक्षा शिक्षा सिमिति द्वारा अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु समय–समय पर विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाते है। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए आज दिनांक 26/09/2023 को संस्था द्वारा मूक–बधिर दिवस के उपलक्ष्य में एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया। संस्था द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों से प्रत्यक्ष संपर्क कर उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने खुलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। "जस्टिस तन्खा मेमोरियल रोटरी इंस्टीट्यूट फॉर स्पेशल चिल्ड्रन में संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चों को उपहार स्वरूप कलरर्स, पेंसिल, रबर ड्रांइग सीट पेंटिग किट आदि चीजें प्रदान की गई। बच्चों से मिलकर सभी शिक्षकों व प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों को एक नया अनुभव प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में संस्था के शिक्षकों व सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्स लिया। संस्था की प्राचार्या द्वारा दिव्यांग बच्चों को उपहार एवं शुभकामना संदेश दिया गया। सभी बच्चे भी बहुत उत्साहित थे।


Dr Radhakrishnan
college of Education

## डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन

### स्वच्छता सप्ताह (21-26) फरवरी

### विषय : "जिला स्तरीय स्वच्छता जन जागरूकता एवं प्रतिपुष्टि अभियान"

दिनांक : 24/2/2022

डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन के द्वारा स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत आज दिनांक 24/2/22 को सम्पादित की जाने वाली गतिविधियों के अंतर्गत "जिला स्तरीय स्वच्छता जन जागरूकता एवं प्रतिपुष्टि अभियान" चलाया गया।

इस कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय से प्रातः 11:00 बजे से किया गया। जिसमें महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी सम्मिलित थे।

स्वच्छता अभियान से संबंधित प्रतिपुष्टि प्राप्त करने का स्थान करमेता का ग्रामीण क्षेत्र का चयन किया गया जिसमें हम सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी अलग ग्रुप में बँटकर स्वच्छता से संबंधित बातें एवं मोहल्लों में जाकर फीडबैक प्राप्त किया।

इस फीडबैक फार्म में दो वर्ग थे - एक वर्ग वृद्धजन द्वारा वर्ग - युवा वर्ग।

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of
Education Karmeta, Jabalpur

सर्वप्रथम मानसी राठौर ने देवी प्रसाद ठाकुर के घर जाकर अपना परिचय दिया और उनसे स्वच्छ जागरूकता अभियान से संबंधित प्रश्न किये। प्रश्नों के उत्तर से प्रतीत हो रहा था कि स्वच्छता की एक कदम की ओर हम सबने अपना कदम बढ़ा दिया है।

दिनांक : 24/12/2020

बापू जी का सपना था कि स्वच्छ भारत सुखद भारत। इस सपने को साकार करने का बीड़ा हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा स्वच्छता की ओर एक कदम का दृढ़ संकल्प लिया है। आज समय आ गया है हम इस अभियान से जुड़कर इसको कारगर बनायें।

स्वच्छता क्लीड बैंक के दो वर्गों से मिलकर स्वच्छता से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई एवं सूखा कचरा एवं गीला कचरा के खाद प्रक्रिया को भी बताया गया कि आप किचन के गीले कचरे को जैसे - फल, सब्जियों के छिलके, कॉफी या चायपत्ती जैसे किचन के कचरे को इकट्ठे कर किसी बाल्टी, ड्रम, मिट्टी का गमला आदि में डालें। सूखा कचरा में सूखी पत्तियाँ, नारियल के छिलके जैसे सूखे कचरे को इकट्ठा करके गीले कचरे में मिलायें। यह नमी को कंट्रोल करता है, आदि जैविक तरीके से डीकम्पोज होते हैं।

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of
Education Karmeta, Jabalpur

# जिला स्तरीय स्वच्छता जन जागरूकता एवं प्रतिपुष्टि अभियान





PRINCIPAL
Dr. Rad akrishnan College of
Educati n Karmeta, Jabalpur






जिला स्तरीय स्वच्छता जन जागरुकता
अभियान एवं फॉग बंद अभियान

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of
Education Karmeta, Jabalpur

Date

# डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन

## रिपोर्ट

### विषय ⇒ स्वच्छता जागरुकता अभियान

दिनांक-

डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन के तत्वाध
में "स्वच्छता जागरुकता अभियान" के तहत दिनांक
को नुक्कड़ नाटक एवं आसपास के क्षेत्रों में
विद्यार्थियों द्वारा सफाई जागरुकता अभियान का आ
किया गया।

नुक्कड़ नाटक का विषय 'स्वच्छता अभियान" पर
आधारित था। इसमें महाविद्यालय के सभी विद्या
ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

विद्यार्थियों द्वारा यह नुक्कड़ नाटक पास ही के
स्कूल में प्रस्तुत किया गया। जहां पर स्कूल के
विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को यह संदेश प्रे
गया कि अपने आसपास की सफाई रखना
नैतिक जिम्मेदारी है। अगर हमें अपनी इस जिम्मे
का आभास होता तो इस अभियान की आवश्य
ही नहीं पड़ती होती।

विद्यार्थियों द्वारा यह संदेश दिया गया कि गांधी
के अवसर पर 02 october 2014 को इस अभिय
शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा
गया था आज इस मुहिम में हम सभी को
कंधा मिलाकर उनके सहयोग की आवश्यक
विद्यार्थियों ने आसपास के क्षेत्रों में जाकर साफ स
जागरुकता अभियान चलाया जहां पर उन्होंने
के क्षेत्र की सफाई करते हुए यह संदेश दि

TOPIC

Date

कि हर व्यक्ति अपना घर तो साफ जरूर करता है। पर अपनी सारी गंदगी कूड़ा करकट बाहर सड़कों पर गलियों चौराहों पर फेंक देते हैं हम यह नहीं सोचते कि यह देश ही हमारा घर है। इसे भी हमें ही साफ रखना है। अगर हम समाज में बदलाव लाना चाहते हैं तो सर्वप्रथम हमें स्वयं में बदलाव लाना होगा।
नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाले प्रतिभागी निम्नलिखित हैं।
प्रतिभागियों के नाम ⇒

1. कार्तिका जैन
2. मानसी राठौर
3. अपर्णा नामदेव
4. प्रजा श्रीवास्तव
5. मयंक
6. आंचल प्रसाद
7. दिव्या लोधी

इन सभी विद्यार्थियों द्वारा रोचक प्रस्तुति दी गई जिसके द्वारा को जागरूक करने का प्रयास किया गया।
"मन में रखो एक ही सपना
स्वच्छ बनाना है भारत अपना।"

नुक्कड़ नाटक







स्वच्छता जागरूकता अभियान

# डॉ. राधाकृष्णन् कॉलेज ऑफ एज्युकेशन

## रिपोर्ट

## एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता

दिनांक 18/12/2022

किसी विद्वान ने यथार्थ ही कहा है कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। खेलकूद गतिविधियाँ हमारे शैक्षिक संस्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। खेलकूद गतिविधियों के द्वारा ही बालकों के स्वस्थ शरीर अवधारणा को आयाम प्राप्त होता है।

इसी विचार को केन्द्रित करते हुए हमारे महाविद्यालय डॉ. राधाकृष्णन् कॉलेज ऑफ एज्युकेशन में 18/12/22 को एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता को आयोजित करने का उद्देश्य D.Ed/B.Ed प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिभा को उभारना है।

खेल स्पर्धा का शुभारंभ महाविद्यालय की संचालिका श्रीमति कृष्णा चौबे एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ भावना सोनी जी के द्वारा लाल रिबन काटकर प्रारम्भ किया गया। अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। आयोजित होने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की हित निर्णायक मण्डल का प्रभार की गई। इस खेल कूद प्रतियोगिता की कार्यक्रम प्रभारी श्रीमति सुधा पासी थी।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम प्रभारी सुधा पाली के द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता जैसे नींबू चम्मच दौड़ सुई धागा दौड़, रस्सी कूद दौड़ 50 मीटर दौड़ गोला फेंक, भाला फेंक आदि प्रतियोगिता का नियम विद्यार्थियों को बताये गये।

सर्वप्रथम नींबू चम्मच दौड़ प्रतियोगिता का प्रारम्भ किया गया जिसमें सर्वप्रथम डी ग्रुप एवं बी ग्रुप की छात्राओं द्वारा प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात डी ग्रुप एवं बी ग्रुप की छात्राओं में विजेता छात्राओं के मध्य पुनः नींबू चम्मच प्रतियोगिता करवायी गई जिसमें प्रथम स्थान सुलेखा वर्मा, द्वितीय स्थान रेखा दुबे, तृतीय स्थान सुप्रिया सोनी ने प्राप्त किया। तत्पश्चात छात्रों के द्वारा नींबू चम्मच दौड़ का बेहतर प्रदर्शन किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय क्रमशः मुकेश ठाकुर, पुष्पराज ठाकुर, एवं अखिल अहिरवार ने स्थान प्राप्त किया।

खेल प्रतियोगिता को आगे बढ़ाते हुए सुई धागा दौड़ में डी ग्रुप एवं बी ग्रुप के छात्र एवं छात्रों के द्वारा प्रदर्शन किया गया जिसमें छात्रों में प्रथम स्थान अखिल अहिरवार द्वितीय स्थान मुकेश ठाकुर तृतीय स्थान मनीष सोनी ने प्राप्त किया एवं छात्राओं में क्रमशः प्रथम सुप्रिया सोनी एवं द्वितीय दुर्गेश तृतीय सोनम साहू को स्थान मिला।

तत्पश्चात रस्सी कूद दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन किया। सारा महाविद्यालय प्रांगण तालियों की गूँज से गुंजायमान हो गया। सारे विद्यार्थियों का उत्साह एवं जज्बा देखने काबिल था, बहुत ही आनंद के साथ यह कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए तब।

फैंक एवं गोला फैंक प्रतियोगिता प्रारम्भ की गई जिसमें सबसे पहले छात्र एवं छात्राओं ने अपना बेहतर प्रदर्शन दिया। जिसमें प्रथम युवराज ठाकुर द्वितीय स्थान मुकेश ठाकुर एवं तृतीय स्थान अमित अहिरवार को प्राप्त हुआ।

अंत में तवा फैंक प्रतियोगिता प्रारम्भ की गई। जिसमें डी.एड. एवं बी.एड. की छात्र एवं छात्राओं के द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया।

आयोजित एक दिवसीय खेलों में छात्रों में गजब का उत्साह देखने को मिला। अंत में प्राचार्य महोदया के द्वारा सभी छात्र एवं छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी एवं उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के अंत में श्रीमति कृष्णा चौबे ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों को उनके हुनर को निखारने का अवसर मिलता है। साथ ही उन्हे उड़ने के लिए खुला आसमान और पंख भी मिलते हैं। और उन्हे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। अंत में कार्यक्रम का समापन किया गया एवं विभागाध्यक्ष महोदय का आभार प्रदर्शन करते हुए धन्यवाद दिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, ज्योति शुक्ला, ममता तिवारी, सुधा पासी, स्वाति श्रीवास्तव, मनीषा सोनी, शुचि शर्मा एवं अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of
Education Karmeta, Jabalpur

कार्यक्रम प्रभारी
श्रीमति सुधा पासी


Welcomes You

